प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
17.02.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

भेंट

ब्रिटिश डिप्टी हाई कमीशन के एक प्रतिनिधिमंडल ने आज चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से भेंट की। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व यूके की डिप्टी हाई कमीशनर कैरोलिन रौवेट और यूके सरकार के राजनीतिक, प्रेस और परियोजना सलाहकार राजेन्द्र एस. नागरोटी ने किया। उन्होंने मुख्यमंत्री को यूके और हिमाचल के बीच चल रही और संभावित साझेदारियों के बारे में जानकारी दी। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने कृषि प्रौद्योगिकी, ग्रीन हाइड्रोजन, इलैक्ट्रिक वाहन, पर्यटन, डेयरी उद्योग, खाद्य प्रसंस्करण, डेटा भंडारण और जल संसाधन प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में साझेदारी पर गहरी रूचि दिखाई। उन्होंने इस क्षेत्र में यूके की विशेषता का लाभ उठाकर पारस्परिक विकास और प्रगति को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर बल दिया। बैठक के दौरान हिमाचल प्रदेश से यूके को हल्दी निर्यात को लेकर विशेष चर्चा हुई, जिस पर मुख्यमंत्री ने गहरी रूचि दिखाई और इस व्यापारिक अवसर को सुलभ बनाने पर बल दिया। कैरोलिन रौवेट ने हिमाचल प्रदेश और यूके के निवेशों के बारे में बताया और कहा कि बैठक के दौरान कुल्लू में एक कृषि उद्योग और राज्य में भारतीय संचालित स्कौटिश डिस्टिलरी की स्थापना के बारे में चर्चा की गई।

नरेश बंसल

राज्यसभा सांसद नरेश बंसल ने कहा है कि केंद्रीय बजट रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म व वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाने का बजट है। आज धर्मशाला में भाजपा द्वारा आयोजित बजट संगोष्ठी कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि अपने संबोधन में उन्होंने ये बात कही। नरेश बंसल ने कहा कि देश के हर ज़िला में ऐसी गोष्ठियों के माध्यम से आम जनता को केंद्रीय बजट के बारे में जानकारी दी जा रही है। उन्होंने बताया कि 23 फरवरी तक ऐसी गोष्ठियों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें भाजपा पदाधिकारी, मंत्री व सांसद लोगों को बजट के बारे जानकारी देंगे। नरेश बंसल ने कहा कि इस बार के केंद्रीय बजट में हर वर्ग का ध्यान रखा गया है और विभिन्न राजनीतिक दल देश को जातियों के आधार पर बांटने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस बार 50 लाख करोड़ से अधिक का बजट पेश किया गया है। गोष्ठी में विकसित भारत के रोडमैप पर चर्चा की गई। इस दौरान सुलह के विधायक विपिन सिंह परमार और कांगड़ा के विधायक पवन काजल भी मौजूद रहे।

जयराम

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि प्रदेश में नशा तेजी से फैल रहा है, जिस पर समय रहते अंकुश लगाना बेहद ज़रूरी है। आज धर्मशाला में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा

कि प्रदेश सरकार को नशे के खिलाफ संजीदगी से काम करना चाहिए और विपक्ष सरकार का हर स्तर पर सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध है।

जयराम ठाकुर ने कहा कि सुक्खू सरकार के गठन से लेकर 31 जुलाई 2024 तक नशे की ओवर डोज़ से 11 मौतों की आधिकारिक पुष्टि विधानसभा में की गई है। उन्होंने कहा कि नशे के कारण हो रही मृत्यु का ग्राफ लगातार बढ़ रहा है, जिसे रोकने के लिए सांझे प्रयासों की ज़रूरत है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि व्यवस्था परिवर्तन वाली सरकार के आने के साथ ही नशा निवारण समिति को निष्प्रभावी कर दिया गया और हिमाचल ड्रग फ्री ऐप व सी.एम. हैल्पलाईन द्वारा नशे के खिलाफ आम लोगों को मिल रही सुविधा का विकल्प भी बंद हो गया है।

<u>प्रतियोगिता</u>

अखिल भारतीय इंटर जोनल महिला भारोतोलन प्रतियोगिता आज धर्मशाला में संपन्न हुई। समापन अवसर पर नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने बतौर मुख्य अतिथि और विधायक सुधीर शर्मा व पवन काजल ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। इस मौके पर जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार खेलों को बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठा रही है।

<u>कार्यशाला</u>

मंडी ज़िला के थुनाग में सतत भविष्य के लिए स्वदेशी ज्ञान प्रणाली विकसित भारत 2047 के लिए रोडमैप विषय पर 2 दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन आज संपन्न हुआ। सम्मेलन का आयोजन डॉक्टर वाई.एस. परमार बागवानी व वानिकी विश्वविद्यालय नौणी द्वारा भारतीय पारिस्थितिकी समाज के सहयोग से किया गया। ये आयोजन भारत की स्वतंत्रता के शताब्दी वर्ष 2047 के दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए किया गया, जिसमें 8 राज्यों से एक सौ 30 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

..................................